# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितने नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए ?

(A) 44

**(B) 21**

(C) 22

(D) इनमें से कोई नही

- रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 21 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए
- इन 21 औद्योगिक क्षेत्रों में केकड़ी विस्तार (अजमेर), बारौली (भरतपुर), पंढेर गुलाबपुरा, धुनवाला, पीपलूंद एवं कीडिमाल (भीलवाड़ा), बिचून (जयपुर), पीपलखेड़ी बारां (कोटा), कछालिया बूंदी (कोटा) तथा सगतपुरा (उदयपुर) शामिल हैं।
- इन क्षेत्रों में 195 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए गए।
- RIICO (राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड) स्थापना – 1 जनवरी 1980, मुख्यालय – जयपुर

## Yesterday Revision

01. मई माह के दूसरे सप्ताह में जयपुर में एक भव्य 'राष्ट्रीय उद्यमिता सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा.

02. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान हाईकोर्ट के क्रांतिकारी नवाचार 'यूनिफॉर्म रजिस्ट्रेशन नंबर सिस्टम' का शुभारंभ किया

03. नवीन शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रदेश में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए उमंग तरंग एवं किलकारी वर्कबुक से शालापूर्व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

04. राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार, वीरांगनाओं (शहीदों की पत्नियों) को RTDC के सभी होटलों और गेस्ट हाउसों के कमरे के किराए में 50% की विशेष छूट

05. डीग जिले के योगेंद्र सोगरवाल ने बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर और जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A)राजस्थान में बांसवाड़ा पहला जिला है जहां हर गांव में जल स्वयंसेवक बनाए गए हैं

(B) जल स्वयंसेवक को ब्लॉक स्तर पर एक-एक दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- बांसवाड़ा में पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने एक सामुदायिक नवाचार लागू किया है।
- जिले के हर गांव में एक-एक व्यक्ति को ग्राम जल स्वयंसेवक (विलेज वॉटर वॉलंटियर) बनाया है। ये जल समस्याओं के निस्तारण में भूमिका निभाएंगे।
- जिले में 1495 गांव हैं, जिनमें कुल 75 हजार से ज्यादा हैंडपंप और अन्य पेयजल स्त्रोत हैं। पेयजल से जुड़ी समस्याएं गांवों से लगातार मिलती हैं लेकिन संसाधन सीमित होने से इन समस्याओं का समय पर समाधान करना चुनौती बना हुआ है। इसी के मद्देनजर जिले में 1495 ग्राम जल स्वयंसेवक बनाए गए हैं।
- प्रदेश में बांसवाड़ा पहला जिला है जहां हर गांव में जल स्वयंसेवक बनाए गए हैं। इन्हें ब्लॉक स्तर पर एक-एक दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) 16वीं जूनियर राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता-2026 में फलौदी ने शानदार प्रदर्शन करने हुए खिताब अपने नाम किया।

(2) जयपुर में खेले गए फाइनल मुकाबले में फलोदी ने हनुमानगढ़ को 1-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- 16वीं जूनियर राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता-2026 में फलौदी मे शानदार प्रदर्शन करने हुए खिताब अपने नाम किया।
- जयपुर में खेले गए फाइनल मुकाबले में फलोदी ने हनुमानगढ़ को 1-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।
- जयपुर के आदर्श नगर स्थित सूरज मैदान में 16वीं जूनियर राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ।
- 24 से 26 अप्रैल 2026 तक इस प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान हॉकी एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया
- प्रतियोगिता में सीकर ने तीसरा और नागौर ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

03. राजस्थान में किस जिले से संबंधित भारतीय सेना के जवान बलवीर ने श्रीनगर से दिल्ली तक आयोजित साइक्लिंग रेस – में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया है?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारतीय सेना के जवान बलवीर ने श्रीनगर से दिल्ली तक आयोजित साइक्लिंग रेस – में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया है।

यह रेस 24 अप्रैल को श्रीनगर के लाल चौक से शुरू होकर 25 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले पर – समाप्त हुई।

- मूल रूप से बीकानेर के बलवीर ने इस कठिन और लंबी दूरी को महज 50 घंटे 58 मिनट 27 सेकंड में पूरा कर इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज की जाएगी
- बलवीर वर्तमान में भारतीय सेना के MIC&S सेंटर, 11 मेक यूनिट से जुड़े हुए हैं और अपने अनुशासन व कड़ी मेहनत के लिए जाने जाते हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) ) राजस्थान में सियाहगोश' (कैराकल) को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश का पहला 'नेशनल मास्टरप्लान' तैयार हो गया है

(B) कोयंबटूर स्थित सलीम अली पक्षीविज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र (SACON) देशभर में सियाहगोश के ठिकानों की मैपिंग करेगी|

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- रेगिस्तान के सबसे रहस्यमयी शिकारी 'सियाहगोश' (कैराकल) को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश का पहला 'नेशनल मास्टरप्लान' तैयार हो गया है। यह दुर्लभ जीव अब राजस्थान की सरजमीं पर अपना 'गढ़' बनाएगा।
- हाल ही में जैसलमेर के शाहगढ़ बल्ज और रामगढ़ के धोरों में मिले पुख्ता सबूतों के बाद इसके संरक्षण के इस रोडमैप पर मुहर लगा दी गई है।
- कोयंबटूर स्थित सलीम अली पक्षीविज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र (SACON) देशभर में सियाहगोश के ठिकानों की मैपिंग करेगी। टूरिज्म एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी ऑफ इंडिया के सचिव हर्षवर्धन ने कहा कि विशेषज्ञ यह पता लगाएंगे कि यह जानवर केवल घने जंगलों तक सीमित है या फिर खेतों और झाड़ियों के बीच भी सुरक्षित ठिकाने बना रहा है।
- इसी डेटा के आधार पर इनकी संख्या का आकलन कर दीर्घकालीन योजना लागू होगी।

**05. हाल ही में 'ग्राम रथ अभियान' का शुभारंभ भजनलाल शर्मा एवं नितिन नवीन द्वारा कब किया गया?**

(A) 22 अप्रैल 2026

(B) 25 अप्रैल 2026

(C) 27 अप्रैल 2026

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- 27 अप्रैल 2026 को राजस्थान में 'ग्राम रथ अभियान' का शुभारंभ भजनलाल शर्मा एवं नितिन नवीन द्वारा किया गया।
- अवधि : 15 दिवसीय अभियान, आयोजन – 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक
- अभियान का उद्देश्य - 23–25 मई 2026 तक जयपुर में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM)-2026 के प्रचार – प्रसार हेतु।ग्राम रथों के माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंच बनाई जाएगी।
- ग्राम रथ अभियान अभियान में 13 विभागों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

✓ इस अभियान के तहत प्रदेश की 183 ग्रामीण बहुल विधानसभा क्षेत्र में ग्राम रखो के माध्यम से राज्य की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

✓ अभियान का नोडल विभाग – सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।

जयपुर, सोमवार, 27 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-67

1. **हाल** ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण राजस्थान के किस जिले में किया गया है?
(A) बीकानेर
(B) चूरू
(C) झुंझुनूं
(D) सीकर

2. **राष्ट्रीय** लोक सेवा दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?
(A) 21 अप्रैल
(B) 18 अप्रैल
(C) 24 अप्रैल
(D) 31 अक्टूबर

3. **शहरी** क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए संचालित 'अमृत 2.0' योजना के तहत राजस्थान के कितने 'अमृत शहरों' का चयन किया गया है?
(A) 21 शहर
(B) 29 शहर
(C) 33 शहर
(D) 50 शहर

4. **राजकीय** कार्यालयों और अस्पतालों में 'सरस स्मार्ट पार्लर' का संचालन किस संस्था या समूह के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है?
(A) रिलायंस रिटेल
(B) राजीविका
(C) नफेड
(D) ट्राइफेड

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत सीकर जिले का खेल कौन सा है?
(A) बास्केटबॉल
(B) कबड्डी
(C) बॉक्सिंग
(D) क्रिकेट

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए किस वर्कबुक से शालापूर्व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ?**

(A) उमंग

(B) तरंग

(C) किलकारी

(D) उपरोक्त सभी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine